पत्रिका

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बंदियों की पेशी

# जिला न्यायाधीश ने किया केन्द्रीय जेल का निरीक्षण



**दुर्ग @ पत्रिका**. केन्द्रीय जेल दुर्ग का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुजुर ने निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों के परिजनों से मिलने के लिए बनाए गए मुलाकात कक्ष, जेल में संचालित लीगल एड क्लीनिक, प्रशासनिक प्रबंधन, बंदी कक्षों की स्थिति, उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, पाकशाला और भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने नए आपराधिक विधियों के तहत बंदियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कराने पर जोर दिया। उन्होंने जेल पैरालीगल वालेंटियर से किए जाने वाले कार्यों एवं नव आगंतुक बंदियों को दिए जाने वाले विधिक जानकारी के संबंध में जानकारी ली।

27/06/2025 | Durg | Page : 1
Source : https://epaper.patrika.com/